## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नदारद मिलीं

**मैहर।** मैहर के उदयपुर आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में लापरवाही का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ता सुमित्रा कोरी निजी भवन में आंगनवाड़ी संचालित कर रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर जब सर्वे के लिए पहुंचीं,तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नदारद मिलीं। हैरान करने वाली बात यह थी कि उसी भवन की मालकिन आंगनवाड़ी केंद्र के अंदर बीड़ी बनाती हुई पाई गईं। आरोप है कि कार्यकर्ता के पति पार्षद होने के कारण केंद्र मनमानी तरीके से संचालित हो रहा है।

### सांसद गणेश सिंह का अभिनंदन किया

**मैहर।** विंध्य विकास फोरम ने फोरम के संरक्षक और सतना के सांसद गणेश सिंह को पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति का पुनः सभापति बनने पर बधाई दी। फोरम के डायरेक्टर हरिओम गुप्ता ने शाल,श्रीफल और मिठाई भेंट कर उनका अभिनंदन किया। फोरम के उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और जबलपुर से रीवा तथा पन्ना से रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधार संबंधी एक पांच-सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा।सांसद ने फोरम के कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ.पुष्पराज सिंह,राकेश त्रिपाठी,गिरीश सुखेजा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### मैहर को मच्छर मुक्त बनाने की मांग

**मैहर।** मैहर भाजपा के वरिष्ठ पार्षद जितेंद्र पांडे ने नगर पालिका से मच्छर मुक्ति अभियान चलाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से नागरिकों को बचाने के लिए कीट नाशक छिड़काव हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।उन्होंने स्प्रे मशीनें,सुल्थीयान दवा और कर्मचारियों के लिए हेलमेट, मास्क, दस्ताने जैसी सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की भी मांग की। पांडे ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड,सब्जी मंडी और सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर मैहर को मच्छर मुक्त बनाया जाए,ताकि यहां के निवासियों को बीमारियों का सामना न करना पड़े।

### मूर्तियों के विसर्जन के लिए चार स्थल निर्धारित

**सतना।** नगर निगम ने आगामी दिनों में भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के लिए चार स्थानों को चुना है,ताकि नागरिक सुविधापूर्वक और सुरक्षित तरीके से विसर्जन कर सकें।नगर निगम के प्रवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर का तालाब जिग्नहट,सतना नदी सतना नदी, मैहर रोड माधव गढ़, टमस नदी आदि विसर्जन स्थल चिन्हित कर बनाए गएहैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन निर्धारित विसर्जन स्थलों का ही उपयोग करें,जिससे पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### विमुक्ति दिवस पर डीएनटी समुदाय ने व्यक्त किया असंतोष

**मैहर।** मैहर महाविद्यालय परिसर में विमुक्त,घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जनजाति महासंघ द्वारा विमुक्ति दिवस पर डीएनटी समुदाय की 51 जनजातियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान धनगर, पाल, नट, पारधी आदि समुदाय के लोगों ने सरकार द्वारा आयोजन के सही समय और स्थान की जानकारी न देने और डीएनटी विभाग के प्रमुख पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को महज खानापूर्ति बताया। समुदाय के सदस्यों ने जाति प्रमाण पत्र से लेकर विभिन्न योजनाओं तक पहुंचने में आने वाली समस्याओं को भी मंच से उठाया। युवा नेता प्रदीप पाल ने रैंके आयोग और इदाते आयोग की सिफारिशों को लागू न करने पर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए, जिसमें समुदाय के लिए 10% राजनीतिक, शैक्षणिक और सरकारी सेवा में आरक्षण की मांग शामिल है। उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए डीएनटी समुदाय के लिए शिक्षा, चिकित्सा और पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र को ही पर्याप्त आधार मानने की मांग की।

# बक्से में मिली महिला की लाश

## पड़ोसी बोले-तीन दिन से नहीं दिखी थी





मैहर के एक बंद मकान में बक्से से महिला की लाश मिली है। मकान पर तीन दिन से ताला लगा था। महिला के भाई ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी। मामला मैहर के महाराजा नगर में अंधाटोघर मेला इलाके का है।

**सतना।**

यहां रहने वाली अनीता चौधरी का भाई संतोष रविवार सुबह बहन से मिलने पहुंचा था। पड़ोसियों से पता चला कि घर पर 3 दिन से ताला लगा है। अनीता को किसी ने भी आते-जाते नहीं देखा। इसके बाद संतोष थाने पहुंचा और अनीता की गुमशुदगी दर्ज कराई। देर शाम करीब साढ़े सात बजे संतोष एक बार फिर रिश्तेदारों के साथ अनीता के घर पहुंचा। घर के अंदर झांकने पर तेज बदबू आई। उसने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ दिया। ताला तोड़ने पर कमरे में खून के धब्बे दिखे। उसने तुरंत पुलिस को फोन लगाया। पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। यहां कमरे में रखा एक बक्सा खोला तो कपड़े में लिपटी अनीता की लाश मिली। पुलिस ने रात में घर सील कर दिया। सोमवार सुबह मामले की जांच शुरू की गई।

### 15 साल पहले पति की मौत, दोनों बेटे बाहर रहते हैं

संतोष ने बताया कि अनीता सिंदूर की दुकान चलाती थी। उसके पति की करीब 15 साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। दो बेटे हैं। बड़ा मुंबई में नौकरी करता है, छोटा बेटा अपनी बुआ के साथ राजस्थान में रहता है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं। आशंका है कि आरोपी से महिला की हाथापाई हुई है। इसके बाद उसकी हत्या की गई है।

## मैहर में तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल



**मैहर।** सोमवार की शाम को मैहर केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**हादसे का विवरण-** शाम करीब 5 बजे,मैहर थाना अंतर्गत केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास एन एच 30 पर मुंबई की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ओडी**OD** 03 टी 9675 ने सड़क पार कर रहे एक बाइक एमपी 19 एन एफ 2166 को जोरदार टक्कर मार दी।बाइक पर जितेंद्र भुजवा (पति),पूर्णिमा (पत्नी), रेणुका (साली) और उनका 10 माह का बच्चा सवार थे। हादसे के बाद सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बाइक चालक जितेंद्र भुजवा को मृत घोषित कर दिया,जबकि उनकी साली रेणुका की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**परिजनों का सफर-** जितेंद्र भुजवा नागौद,जिला सतना के रहने वाले थे और अपनी पत्नी पूर्णिमा को लेने ग्राम बेरमा,जिला मैहर आए थे।बताया जा रहा है कि हादसे के समय वे केजेएस सीमेंट फैक्ट्री में बने मंदिर घूमने जा रहे थे।

**एंबुलेंस चालक का बयान-** एंबुलेंस चालक बबलू ने बताया कि वह मुंबई से एक शव लेकर रायबरेली जा रहा था,तभी अचानक से बाइक उनके सामने आ गई और यह हादसा हो गया। घटना के बाद,तुरंत दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को रायबरेली के लिए रवाना किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।



## रतलाम पथराव कांड: मैहर में कांग्रेस का आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**मैहर।**

रतलाम दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए पथराव और हिंसक हमले के विरोध में मैहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल व पुलिस महानिदेशक के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में भाजपा पदाधिकारियों की गुंडागर्दी और प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई,साथ ही श्रीपटवारी को अधिक सुरक्षा प्रदान करने का भी अनुरोध किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस हमले को लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा आघात बताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,रामभद्र पांडे,केशव चौरसिया,चूड़ामणि बाढोलिया सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहुल गांधी की अर्थी निकाल कर कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**सतना।**

भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को राहुल गांधी की अर्थी और कांग्रेस के खिलाफ एक बड़ी रैली निकाली।यह रैली स्टेशन रोड से शुरू होकर पन्नीलाल चौक,चौक बाजार,बिहारी चौक और जय स्तंभ चौक से होते हुए कांग्रेस कार्यालय तक पहुंची।वहां प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाया। महिला प्रदर्शनकारियों ने हाथों में माँ तेरे सम्मान में सतना जिले की बेटियां मैदान में और महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसी तख्तियां ले रखी थीं। पुरुष कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लिए हुए थे। रैली में राहुल गांधी शर्म करो,राहुल गांधी मुर्दाबाद, और कांग्रेस पार्टी हाय-हाय जैसे नारे गूंज रहे थे।






### प्रमुख नेताओं का संबोधन

सांसद गणेश सिंह ने इस दौरान कहा कि लगातार चुनावी हार से कांग्रेस और उसके नेता विक्षिप्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए मसीहा और देवता के समान हैं और उनका अपमान 140 करोड़ भारतीयों का अपमान है। सांसद ने कांग्रेस पर वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अरमान चोरी हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता इस अपमान का करारा जवाब देगी। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने राहुल गांधी और कांग्रेस के व्यवहार को असभ्य और अक्षम्य बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति बन गई है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर कई घोटालों का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा गांधी परिवार जमानत पर घूम रहा है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने कांग्रेस से देश की महिलाओं से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नियति ही महिलाओं का अपमान करना बन गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर माफी नहीं मांगी गई तो भाजपा उनके विधायकों और नेताओं का भी घेराव करेगी। मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति और परम्परा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी अपने कार्यकर्ताओं को यही सिखाते हैं,जिसके कारण वे लगातार महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देते हैं।

### पुतला दहन और चेतावनी

विरोध प्रदर्शन के बाद,कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की अर्थी निकालकर कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला दहन किया। पुतले को मुखाग्नि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने दी। इस दौरान महिलाओं का अपमान,नहीं सहेगा हिंदुस्तान और राहुल गांधी माफी मांगो जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन में सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,प्रतिमा बागरी,और अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मैहर में भाजपा महिला मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने स्टेट बैंक चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेता जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ अपशब्द कहे जाने के विरोध में किया गया।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, विकास तिवारी,कुलदीप तिवारी, रवि सर्राफ,अमित राय,जितेंद्र पांडे,दिलीप त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिला मोर्चा की विजया चोपड़ा, ओम बाला सिंह,भक्ति शर्मा, मोनिका दहिया,गीता संतोष सोनी,कुलदीप मणि तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# यूरिया टोकन के अभाव में किसानों का प्रदर्शन, मंत्री का काफिला रोका



**सतना।**

यूरिया खाद के लिए टोकन नहीं मिलने से किसानों ने सोमवार को कृषि अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि विभाग ने टोकन खत्म होने की बात कहकर किसानों को लौटा दिया था। इससे नाराज किसानों ने नागौद मार्ग पर जाम लगा दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के काफिले को किसानों ने रोक लिया। उन्होंने मंत्री को अपनी समस्या बताई। मंत्री ने एसडीएम के आने का आश्वासन दिया। जाम की वजह से सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल बसें भी फंस गईं।

### मंत्री का काफिला यू-टर्न लेकर लौटा

स्थिति को देखते हुए एसडीएम राहुल सिलड़िया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को जल्द टोकन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जाम हटाया और यातायात सामान्य हुआ। किसानों का कहना है कि यूरिया की कमी से फसलें प्रभावित हो रही हैं। पहले दुकानों में स्टॉक नहीं मिला और अब टोकन भी नहीं मिल रहे हैं। राज्यमंत्री का काफिला किसानों के जाम न हटाने की वजह से यू-टर्न लेकर वापस लौट गया।



# बंशीपुर के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**मैहर।**

मैहर के अंतर्गत आने वाले बंशीपुर गांव में सड़क की दुर्दशा और राशन वितरण प्रणाली में अनियमितता जैसी समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने एक चौपाल का आयोजन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,बैजनाथ कुशवाहा और गणेश चतुर्वेदी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन से अनुरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव और खस्ताहाल सड़कें भारतीय जनता पार्टी के 20 वर्षों के कुशासन को दर्शाती हैं। गांव में बीमार व्यक्ति को भी चारपाई पर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है, जो सरकार के विकास के दावों की पोल खोलता है।

# वार्ड 21 में सड़क, नाली निर्माण का भूमि पूजन

**मैहर।**

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी की अध्यक्षता में वार्ड क्रमांक 21 सरस्वती नगर,मैहर में 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से सड़क और नाली निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस परियोजना में 1100 मीटर सड़क और 2200 मीटर नाली का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,वार्ड पार्षद अशोक चौबे,सूर्य प्रकाश चौरसिया सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पत्र भावनाओं के सेतु: मनमोहन माहेश्वरी

**सतना।**

विश्व पत्रलेखन दिवस के अवसर पर,दुर्लभ प्राचीन पत्रों के संग्रहकर्ता मनमोहन माहेश्वरी ने चिन्मय विद्यालय में छात्रों को पत्रों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पत्र हमारे भावपूर्ण रिश्तों के सेतु होते हैं और भावनाओं की धरोहर हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अपने निजी संबंधों पर आधारित पत्र भी लिखवाए।विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी ने बताया कि छात्रों ने बहुत उत्साह के साथ अपने परिवार और दोस्तों के लिए भावुक पत्र लिखे। उपप्राचार्या श्रीमती अंशु राय ने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए एक नया दृष्टिकोण बताया। श्री माहेश्वरी ने अपने संग्रह में रखे कुछ प्राचीन पत्र भी दिखाए।



# देवेंद्रनगर में दिगंबर जैन समाज द्वारा दश लक्षण पर्व का किया जा रहा भव्य आयोजन

**पन्ना।** देवेंद्रनगर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में वर्तमान में दश लक्षण पर्व की पावन साधना अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हो रही है इस पर्व के अवसर पर आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य पंडित अंकित जैन जी द्वारा प्रतिदिन विधिवत पूजन विधान एवं शांतिधारा संपन्न करवाई जा रही है जिसमें नगर के जैन श्रद्धालुओं की विशेष सहभागिता देखी जा रही है

दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन एवं रबी जैन महामंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक प्रातःकाल मंदिर में श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा एवं नियमित पूजा विधिपूर्वक संपन्न हो रही है साथ ही प्रतिदिन प्रवचन के माध्यम से भैया जी द्वारा दश लक्षण धर्म के प्रत्येक गुणकृउत्तम क्षमा मार्दव आर्जव सोच इत्यादि का विशद एवं आध्यात्मिक विवेचन किया जा रहा है। उन्होंने प्रवचन में यह भी कहा



कि यह पर्व अहंकार अभिमान एवं विकारों का परित्याग कर नम्रता सरलता एवं आत्मशुद्धि की ओर अग्रसर होने का समय है मोक्षमार्ग की दिशा में यह पर्व अत्यंत आवश्यक साधना का माध्यम है। आज दिनांक में शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री धर्मेंद्र जैन मुरवादी वाले एवं श्री राजीव जैन छोटे नाती को प्राप्त हुआ। समाज के महामंत्री रवि जैन ने बताया कि प्रतिदिन संध्या काल में मंदिर प्रांगण में विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उत्तम क्षमा दिवस पर बाल भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पुरस्कार राहुल कलेक्शन द्वारा प्रदान किए गए। उत्तम मार्दव दिवस पर बालक एवं बालिकाओं की भजन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें डॉ. अभिषेक जैन द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। उत्तम आर्जव दिवस पर आरती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एडवोकेट प्रदीप जैन ने पुरस्कार वितरित किए। उत्तम सोच दिवस पर पुरुषों की भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. अभिषेक जैन ने की एवं मंच संचालन वैश्य समाज अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन द्वारा किया गया डॉ. अभिषेक जैन ने इस अवसर पर भजन की सुमधुर प्रस्तुति भी दी। संध्याकाल में प्रतिदिन भक्ति संध्या एवं कीर्तन का आयोजन पूरे भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ किया जा रहा है जो समाजजनों को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक श्याम बिहारी शुक्ला हुए सेवानिवृत्त



**पवई।** विकास खण्ड अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला करही मे पदस्थ रहे श्याम बिहारी शुक्ला सहायक शिक्षक का 31अगस्त को सेवा काल पूर्ण होने पर विद्यालय मे भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह मे सहायक संचालक नम्रता जैन द्वारा श्रीरामचरित ग्रंथ के साथ राम दरवार की फोटो साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और श्रीशुक्ला के सेवा काल की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम समापन पश्चात गाजे बाजे के साथ विदाई दी गई। इस दौरान आर के नगायच,विजय राजेश मिश्रा, राम भुवन बागरी,विजय कुमार गर्ग, जय कुमार पाण्डेय, हरिओम गर्ग, सरोज बागरी, किशोरी लाल उपाध्याय, मीना श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक शिक्षकाए व ग्राम के लोग मोजूद मोजूद रहे।

### बस और मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत, दो घायल, जिला चिकित्सालय कटनी रेफर



**शाहनगर।** पन्ना कटनी रोड पर स्टेट बैंक के सामने आज सोमवार दोपहर करीब 3 बजे बड़ा हादसा हो गया। कटनी से पन्ना बायां शाहनगर जा रही कोहली बस और मोटर साइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पंकज शर्मा 37 वर्ष एवं पुजारी पाठक 50 वर्ष बताए गए हैं। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी शाहनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया।

### गुनौर विधायक ने खाद वितरण व्यवस्था का लिया जायजा



**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने मंडी प्रांगण पहुंचकर किसानों को खाद वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कृषकों से चर्चा कर पट्टा पर खाद वितरण कराने के निर्देश भी प्रशासनिक अधिकारियों को दिए। विधायक डॉ. वर्मा ने कृषकों को आश्वस्त किया कि खाद की किसी भी प्रकार की समस्या या कमी नहीं होगी, बल्कि वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। निर्धारित मात्रा में नियमित रूप से उपलब्धता अनुसार खाद का सुचारू रूप से वितरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## विद्युत की इलेवन केबी को छू रही बेल कभी भी हो सकता दर्दनाक हादसा



**पवई।** इसे विभाग की लापरवाही कहा जाए या उदाशीन पन्ना कटनी मुख्य मार्ग पर मिलोनीगंज मे सुशील मेडिकल के पास लगे इलेवन के बी तथा एल टी दोनो विद्युत पोल के अलावा ट्रांसफर के आस पास वृक्ष के बेल व तलाओ मे विद्युत तार टच हो रहे है। जबकि दिन भर इसी मार्ग से विद्युत विभाग के कर्मचारी से लेकर अधिकारियों का निकलना होता भी फिर उनकी निगाहें ऐसे स्थानो पर नही जाती जहां चौबीस घंटे खतरा बना हुआ ज्ञात हो कि पोल के आस पास हरियाली देख मवेशियों का आना जाना भी स्वाभाविक है चौबीस घंटे विद्युत तारों मे करंट दौडता रहता है भगवान न करे जरा सी लापरवाही बडे हादसे का कारण बन सकती है जिसका जिम्मेदार कोन होगा।

मण्डी परिषद गुनौर में पुलिस की निगरानी में किसानों को वितरित की जा रही यूरिया खाद

# यूरिया खाद के लिए महिलाओं सहित किसानों की लंबी कतारें

**गुनौर। खरीफ सीजन के बीच गुनौर क्षेत्र के किसान यूरिया खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कृषि उपज मंडी और खाद गोदामों पर सुबह से शाम तक लंबी कतारें लगी रहती हैं, लेकिन किसानों को जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है।**

किसानों का कहना है कि उन्हें केवल 2 से 3 बोरी यूरिया ही उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि फसल की आवश्यकता इससे कहीं अधिक है। खाद वितरण की अव्यवस्था



और कमी के कारण किसान बार-बार लाइन में लगने को मजबूर हैं। कई किसान पूरे दिन धूप में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट जाते हैं। स्थिति यह है कि खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद न मिलने से किसान बेहद परेशान और चिंतित हैं। किसानों ने समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति कराई जाए, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

## 5 सितम्बर को अमानगंज आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में करेंगे सहभागिता, विकास कार्यों की देंगे सौगात




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के अमानगंज आगमन के संबंध में अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दोपहर 2 बजे महिला सम्मेलन के कार्यक्रम सहित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा अन्य कार्यक्रमों में शामिल होना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नगर परिषद अमानगंज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत बैठक व्यवस्था, संचार, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग एवं यातायात, रूट चार्ट, लायजनिंग अधिकारी की नियुक्ति, ग्रीन रूम की स्थापना इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में समय सीमा में जरूरी समन्वय के साथ पूर्व तैयारी के निर्देश दिए। इसके अलावा जल जीवन मिशन एवं केन-बेतवा लिंक परियोजना पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी कार्यक्रम स्थल पर लगाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन, कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा वन विभाग के अधिकारियों को भी विभागीय योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आरटीओ सहित खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के साथ अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा। इस क्रम में प्रारंभिक तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने टीएल बैठक में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के आठ चयनित विषयों सहित 100 दिवस से सहित समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा कर समय सीमा में शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही विभाग स्तर पर अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। राजस्व विभाग अंतर्गत बार-बार निर्देश के बावजूद भी प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही और अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एक दिवस में प्रकरणवार निराकरण नहीं होने पर पटवारियों के निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर स्थिति में 100 दिवस से अधिक समय की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं अथवा स्पेशल क्लोज कराना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से स्वीकृति अथवा मंजूरी के मामलों में भी समय पर पत्र भेजने की कार्यवाही की जाए।

### प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकायों के सीएमओ प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में प्रगति की मॉनिटरिंग कर आवास योजना 2.0 का पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान करें। आवास का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण हो। प्रत्येक नगरीय निकाय हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में गति लाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नगरीय निकायों से संबंधित पीएम आवास योजना सहित अन्य मामलों के निराकरण में विलंब की स्थिति में सीएमओ सहित अन्य लापरवाह निकाय कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की सख्त चेतावनी भी दी। सभी सीएमओ को समन्वय और हितग्राहियों से संवाद कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्रों में न्यूट्री बास्केट के वितरण, तहसीलवार दांडिक प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही तथा संबल एवं पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी प्रकरणों की जानकारी भी ली गई। साथ ही जिले में नवीन आधार केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी लेकर समस्याओं के निराकरण के लिए भी कहा। इस दौरान उर्वरक उपलब्धता एवं खाद्यान्न उठाव की जानकारी लेकर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में माहवार लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश भी दिए।

## 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए तत्पर रहने वाली रमेश रैकवार को समाजसेवियों ने किया सम्मानित

### खबर मिलने पर घर जाकर उपचार करने वाले रमेश रैकवार जनता के दिलों में करते राज



**अमानगंज।** वैसे तो स्वास्थ्य विभाग में लाख नाकामी और लापरवाही देखने को पन्ना जिले में मिलती है मगर कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जिन्हें किसी परिचय या पब्लिसिटी के लिए मोहताज नहीं होते, वह लोगों के दिलों पर सीधा राज करते हैं, हम बात कर रहे हैं पन्ना जिले के अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहे, ड्रेसर रमेश रैकवार की जिन्होंने अपने जीवन के 60 वर्ष अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहकर कई वर्षों तक अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं देने के बाद भी रमेश रैकवार का जो चेहरा लोगों के बीच है, वह साफ स्वच्छ और पीड़ति की वेदना को समझने वाला है। आज सोमवार की दोपहर लगभग 12रू00 नगर अमानगंज के समाजसेवियों ने उन्हें सम्मानित किया है। सम्मान करने के दौरान पेंशनर समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी द्वारा रमेश रैकवार को पुष्प माला पहनाकर उनको सम्मानित किया। साथ ही डॉक्टर शीलू तिवारी द्वारा भी रमेश रैकवार को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों को लेकर प्रकाश डाला। शीलू तिवारी ने बताया कि रमेश रैकवार कैसे स्वास्थ्य महकमें के कर्मचारी रहे हैं जिन्होंने पीड़ति की वेदना समझकर उसका उपचार किया है। आज भी वह निस्वार्थ भाव से 24 घंटे लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कर रहे हैं और लोगों का उपचार कर रहे हैं। शीलू तिवारी का कहना है कि रमेश रैकवार यदि खबर मिल जाती है कि कोई मरीज असहाय है तो उसके घर जाकर भी उसकी निस्वार्थ भाव ड्रेसिंग करते हैं। जिसको लेकर हर व्यक्ति रमेश रैकवार की सराहना करता है और उनका सम्मान कर रहा है। सम्मानित करने के दौरान पत्रकार प्रेम नारायण शर्मा, रविंद्र शर्मा, ऋतुराज मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयुक्त सागर संभाग के समस्त कलेक्टरों को दिये निर्देश पीएम आवास योजना की नियमित समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाये

**पन्ना।** सागर संभाग के आयुक्त अनिल सुचारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना (च्ड।ल-न्तइंद 2.0) के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कार्य समय पर पूरा किया जाए ताकि उन्हें शीघ्र आवास योजना का लाभ मिल सके। बैठक में पवई, अजयगढ़, अमानगंज, पन्ना, राहतगढ़, देवरी, पथरिया और छतरपुर में अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आयुक्त ने सख्त चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने सभी जिलों के कलेक्टरों से भी दूरभाष पर चर्चा कर निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में पीएम आवास योजना की नियमित समीक्षा करें और कार्यों में तेजी लाएँ। साथ ही बैठक में नगरीय क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था और जल संवर्धन कार्यों की समीक्षा भी की गई। आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को हर हाल में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना स्थानीय निकायों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बीना और शाहपुर नगर पालिका क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों के गतिरोध दूर करने के निर्देश भी संबंधित एसडीएम को दिए गए।

## कलेक्टर ने आदि कर्मयोगियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शहर के एक निजी होटल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मास्टर टेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर आदि कर्मयोगियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और उत्तरदायित्व की भावना के साथ आदि कर्मयोगी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जनजातीय वर्ग के लोगों को विकास की मुख्य धारा में शामिल कराने का सार्थक प्रयास किया जाए तथा गरीबों की हरसंभव मदद के उद्देश्य से अपना दायित्व निभाएं। कर्मयोगी की अवधारणा के तहत दृष्टिकोण में बदलाव कर व सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर समाज में मिसाल कायम करें। साथ ही अच्छी सोच और सेवाभाव के साथ सामूहिक प्रयास से इनके सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर हों। जिला कलेक्टर ने आदि कर्मयोगियों को निष्ठा, समर्पण और धैर्य के साथ जनजातीय वर्ग के सामाजिक प्रबंधन में हस्तक्षेप किए बगैर एवं मूल्यों का सम्मान कर अनुशासित रूप से आत्मविश्वास के साथ सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान को दृढ़ संकल्पित रहकर सफल बनाएं। समापन कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण के अपने अनुभव भी साझा किए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के साथ आदि कर्मयोगी अभियान के संचालन की भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके माध्यम से चयनित विभाग के लोकसेवकों को जिला, विकासखंड और क्लस्टर स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शासकीय विभागों के ये लोकसेवक एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे। जिला मुख्यालय पर सात तथा सभी पांच विकासखंड में पांच-पांच आदि कर्मयोगियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।



## 2 दिन के अवकाश के बाद खाद गोदाम अमानगंज में किसानों का उमड़ा सैलाब

8 घंटे थाना प्रभारी ने गोदाम पर खड़े रहकर वितरित की खाद, अगले दिन के लिए टोकन किये वितरित





**अमानगंज।** शनिवार और रविवार को अवकाश के बाद अमानगंज खाद गोदाम में जैसे ही यूरिया बांटने की खबर किसानों तक पहुंची तो एक किसानों की सोमवार को सुबह 9 बजे से भीड़ उमड़ पड़ी किसानों की भीड़ को देखकर खाद्य वितरण केंद्र के प्रभारी द्वारा खाद वितरण करने का प्रयास किया मगर व्यवस्थाओं को देखते हुए किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और देखते ही देखते किसानों की भीड़ उग्र होने लगी। घटना की जानकारी पुलिस थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्निहोत्री तक पहुंची तो वह दलबल के साथ खाद गोदाम पहुंची। थाना प्रभारी ने खाद गोदाम अमानगंज हिनौती में पहुंचकर विधिवत तरीके से लोगों को टोकन वितरित किए और टोकन के आधार पर खाद को वितरण कराया। वहीं शाम 5 बजे थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्निहोत्री ने अगले दिन के लिए 250 टोकन किसानों को वितरित किए। थाना प्रभारी अमानगंज ने क्षेत्रवासियों से एवं किसानों से अपील की है कि जिस किसी व्यक्ति के पास टोकन हो वहीं मंगलवार को खाद वितरण केंद्र पहुंचकर खाद ले सकता है। अन्य किसानों को मंगलवार की दोपहर 3रू00 बजे टोकन वितरित किए जाएंगे। आज लगभग ढाई सौ किसानों को खाद वितरित की गई। जिसमें सभी किसानों को चार-चार बोरी खाद का वितरण किया गया। वहीं कई बार लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला तो पुलिस ने सख्ती के साथ भी लोगों से नियमों का पालन करने एवं शांति बनाए रखने को लेकर कड़ा रुख दिखाया।

खबर संक्षेप

## आईजी ने बढ़ाई फरार अपराधियों पर घोषित इनाम की राशि

**छतरपुर।** गत 14 जून को थाना बमीठा में पंजीबद्ध 1 अज्ञात फरार आरोपी घटना दिनांक से फरार है। अज्ञात फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु डीआईजी छतरपुर द्वारा 25 जुलाई को राशि बढ़ाकर 20 हजार की गई थी। किन्तु हर संभव प्रयास के बाद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। छतरपुर एसपी के प्रतिवेदन पर पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज हिमानी खन्ना ने रेग्यूलेशन के पैरा 80 (ब) (1) में निहित प्रावधान अनुसार थाना बमीठा में पंजीबद्ध अज्ञात फरार आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु जो भी व्यक्ति अज्ञात आरोपी को बंदी करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा या उनके द्वारा बंदीकरण का विरोध किए जाने पर विधिसंगत आवश्यक बल का प्रयोग कर बंदी करेगा या करवाएगा उस व्यक्ति को 30 हजार की राशि से नगद पुरस्कृत किया जाएगा। ईनाम वितरण में आईजी, सागर जोन का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

## आज बकस्वाहा से होगी तहसील स्तरीय जनसुनवाई की शुरुआत

**छतरपुर।** जिला प्रशासन ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तहसील स्तर पर जनसुनवाई शुरू करने का अनूठा कदम उठाया है। इसकी शुरुआत मंगलवार, 2 सितंबर से बकस्वाहा तहसील से होगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को जिला मुख्यालय की यात्रा से बचाना और उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना है। जिला प्रशासन ने कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में सितंबर माह में प्रत्येक मंगलवार को तहसील स्तर पर जनसुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया है। पिछले माह अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई के बाद अब तहसील स्तर पर यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को इन जनसुनवाइयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इस नवाचार से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जिला मुख्यालय की लंबी दूरी तय करने की कठिनाई से राहत मिलेगी और उनके समय की बचत होगी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपनी तहसील में आयोजित जनसुनवाई में शामिल होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें। सितंबर माह का जनसुनवाई कैलेंडर जारी कर दिया गया है, जिसके अनुसार 2 सितंबर को बकस्वाहा, 9 सितंबर को चंदला, 16 सितंबर को घुवारा, 23 सितंबर को महाराजपुर और 30 सितंबर को सटई तहसील में जनसुनवाई होगी।

## 3 सितंबर को आईटीआई छतरपुर में कैंपस ड्राइव का आयोजन होगा

**छतरपुर।** 3 सितंबर 2025 बुधवार को प्रातः 10 बजे से शासकीय आई.टी.आई. छतरपुर बड़ी बगराजन देवी मंदिर के पास महोबा बाईपास रोड छतरपुर में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य आईटीआई छतरपुर ने बताया कि अक्जोनोबेल पेंट मालनपुर ग्वालियर, एंड्योरेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड औरंगाबाद महाराष्ट्र द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इंजीनियरिंग ट्रेड फिटर, विधुतकार, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, वेल्डर ड्राइव हेतु आईटीआई ट्रेड इंजीनियरिंग ट्रेड के पास आउट पुरुष आवेदक अपना आवेदन कर सकते है। ट्रेनिंग के दौरान स्टायफंड 16 हजार 550 रुपए मासिक दिया जाएगा एवं अन्य कैंटीन, एवं अन्य सुविधा दी जाएगी। चयन कंपनी के नियमों के आधार पर किया जाएगा।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई भगवान श्री गणेश जी की छठ



**नौगांव।** प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी के जन्मोत्सव उपरांत नगर में छठ पर्व का आयोजन भक्तिभाव और उत्साह के साथ किया गया। नौगांव के गणेश मंदिर में गणेश महोत्सव यज्ञ एवं समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में छठ पूजन संपन्न हुआ, जहाँ मंदिर को दीप, पुष्प एवं खिलौनों से विशेष रूप से सजाया गया।
सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुँचकर गणपति बप्पा का पूजन-अर्चन करने लगे। महिलाओं ने श्री गणेश और भगवान शंकर के भजनों एवं मांगलिक गीतों की स्वरधारा बहाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक नृत्य और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्तों ने विधिविधान से गणपति की आरती उतारी और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। छठ पूजन का यह पावन पर्व भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया। गौरतलब है कि बीएसएनएल चौराहे स्थित गणेश मंदिर में इन दिनों 10 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का आयोजन हो रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नगर सहित आसपास के गाँवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर गणपति बप्पा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं।

### आत्महत्या करने के इरादे से तालाब पर पहुंची महिला, मचा हड़कंप

## पुलिस की तत्परता से बीच जान, बेटे की हरकतें से परेशान थी महिला



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रताप सागर तालाब में सोमवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला आत्महत्या करने के इराजे से तालाब पर पहुंची। महिला के हाव-भाव देखकर आसपास के लोग उसका इरादा भांप गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को कब्जे में लेकर उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और पिछले कुछ दिनों से वह अपने बेटे की हरकतों से परेशान थी।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को सरानी दरवाजा निवासी गीता दुबे, जो मानसिक रूप से कमजोर हैं, अपने बेटे हर्ष दुबे के गुटखा खाने की आदत और स्कूल न जाने से परेशान थीं। इस कारण वह प्रताप सागर बड़ा तालाब के तट पर जाकर बैठ गईं। स्थानीय लोगों को उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गीता दुबे मानसिक रूप से परेशान और अस्वस्थ दिख रही थीं। पुलिस ने उनसे बात की, उनकी काउंसलिंग की और उन्हें समझाया। इसके बाद उनके परिजनों को बुलाकर गीता को उनके सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि महिला आत्मघाती कदम उठाने की स्थिति में थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उनकी जान बच गई है।

## परीक्षा परिणाम में देरी से छतरपुर के शिक्षक अभ्यर्थियों का आक्रोश

### माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग 2 के परिणाम जल्द जारी करने की मांग



**छतरपुर।** जिले में मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग 2 के परिणाम में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने परिणाम जल्द घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि देरी के कारण वे मानसिक तनाव और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं, जो शिक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है।
अभ्यर्थी विवेक तिवारी और संतोष सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के तहत दिसंबर 2022 में माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा का विज्ञापन जारी हुआ था। इसके लिए पात्रता परीक्षा अप्रैल 2023 में और चयन परीक्षा अप्रैल 2025 में आयोजित की गई। परीक्षा को चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन परिणाम अब तक घोषित नहीं हुआ है। इस देरी से लाखों अभ्यर्थी मानसिक तनाव, चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। कई अभ्यर्थियों का मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है, और वे आर्थिक व पारिवारिक दबाव का सामना कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि शिक्षक भर्ती जैसे महत्वपूर्ण विषय में इस तरह की देरी न केवल उनके भविष्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति को भी बाधित कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय को गंभीरता से लेने और संबंधित विभाग को तत्काल परिणाम जारी करने के निर्देश देने की मांग की है।

## कदारी गांव में रातों-रात प्रकट हुआ प्राचीन कुआं



**खजुराहो।** नगर से करीब 30 किलोमीटर दूर कदारी गांव में विंध्यवासिनी माता मंदिर के समीप एक प्राचीन कुआं अचानक सामने आने से सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कुआं रातोंरात प्रकट हुआ और इसमें लगी ईंटें करीब 200 साल पुरानी प्रतीत होती हैं। कुएं के पानी को लेकर ग्रामीणों द्वारा चमत्कारी दावे किए जा रहे हैं, हालांकि इनकी वैज्ञानिक पुष्टि अभी बाकी है।
खेत मालिक हनुमत विश्वकर्मा ने बताया कि दो दिन पहले उनके खेत में एक ड्रम रखा था, जो कि अचानक गायब हो गया था और ड्रम के स्थान पर एक छोटा गड्ढा दिखाई देने लगा था। अगली जब वे खेत पर पहुंचे तो वहां पूरा कुंआ था। उन्होंने बताया कि कुएं की गहराई लगभग 20-25 फीट है और इसमें 3-4 फीट पानी भरा हुआ है। ग्रामीण वीरेंद्र बिंदुआ ने बताया कि कुएं में लगी ईंटें करीब 200 साल पुरानी प्रतीत होती हैं, जिससे यह प्राचीन होने का संकेत मिलता है। कुएं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दूर-दूर से लोग इसे देखने पहुंच रहे हैं। कई स्थानीय लोगों का दावा है कि कुएं के पानी से घुटनों का दर्द और बुखार जैसी समस्याएं ठीक हो रही हैं। हालांकि, यह सभी दावे व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित हैं और अभी तक प्रशासन या विशेषज्ञों द्वारा इसकी कोई वैज्ञानिक जांच नहीं की गई है। ग्रामीण इसे विंध्यवासिनी माता की कृपा मान रहे हैं और कुएं के दर्शन कर इसका जल लेने पहुंच रहे हैं।

# हिट एंड रन के आधा दर्जन पीड़ित परिवारों को मिलेंगे 10.50 लाख

### कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्वीकृत की राशि

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा मानवीय पहल पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्परता से हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण कर मृतकों के परिजन एवं घायलों को नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने विगत दिनों में हिट एंड रन मामले में मोटरयान दुर्घटना के 6 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 10 लाख 50 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। जिले में अब तक कुल 36 हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। जिसमें 58 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इससे जिले के लोगों में शासन प्रशासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दुर्घटना जो सर्किट हाउस के पीछे वाले चौराहे पर 31 दिसम्बर 2023 को हुई थी जिसमें आशीष तनय कामता प्रसाद नायक निवासी एसडीएम ऑफिस के पीछे नौगांव जिला छतरपुर के दुर्घटना में गंभीररूप से घायल होने पर प्रतिकर के रूप में 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह दूसरी दुर्घटना जो नौगाव तह. के ग्राम करारागंज बस स्टैंड के पास जिला छतरपुर पर 30 जुलाई 2022 को हुई थी। जिसमें हलकाई तनय धनीराम अहिरवार निवासी करारागंज तह. नौगांव की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पुत्र गोविन्दास अहिरवार को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। तीसरी दुर्घटना जो महोबा रोड महतोल तिगड्डा तह. नौगांव पर 14 दिसम्बर 2023 को हुई थी। जिसमें श्याम बाई पत्नि लाल दिवान कुशवाहा निवासी महतौल तह. नौगांव जिला छतरपुर की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस इनका पुत्र प्रमोद कुशवाहा को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। चौथी दुर्घटना जो राजा ढ़ावा के सामने अलीपुरा पर 24 जून 2022 को हुई थी। जिससे कृष्णकांत तनय गजाधर बादल निवासी अलीपुरा तह. नौगांव की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पुत्र ऋषिकान्त बादल को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है। पांचवी दुर्घटना जो सिमरिया तिराहा ग्राम सिमरिया पर 08 मार्च 2024 को हुई थी, जिसमें पप्पूलाल अहिरवार पिता हीरालाल अहिरवार निवासी भगवां तह. घुवारा जिला छतरपुर की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस इनकी पत्नि प्रेमबाई, पुत्र गोविन्द, पुत्री नेहा एवं माता पुनियां अहिरवार निवासी भगवां प्रत्येक को 50 हजार रूपए इस प्रकार कुल 2 लाख रूपए प्रतिकर के रूप में मंजूर की गई है। छठवीं दुर्घटना जो तह. नौगांव के ग्राम मडोरी के पास 12 जून 2023 को हुई थी। जिसमें रति कुशवाहा पत्नि टिट्टू कुशवाहा निवासी ग्राम मडोरी थाना नौगांव जिला छतरपुर की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पुत्र कमलेश कुशवाहा निवासी अठायली थाना बम्होरीकला जिला टीकमगढ़ को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है।

## टैक्सी चालक यूनियन की मांग, एक सितम्बर को मनाया जाए चालक सारथी दिवस



गोल मार्केट पार्किंग स्थल पर वरिष्ठ चालकों का किया गया सम्मान

**खजुराहो।** *नगर में यशोवर्मन टैक्सी चालक यूनियन ने एक कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ चालकों का सम्मान किया। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर सरकार से मांग की कि एक सितम्बर को पूरे देश में चालक सारथी दिवस घोषित किया जाए। टैक्सी चालकों का कहना है कि जिस तरह अन्य वर्गों के लिए विशेष दिवस मनाए जाते हैं, उसी तरह वाहन चालकों को भी सम्मान मिलना चाहिए।*

गोल मार्केट पार्किंग स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ चालकों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों में बादाम खान, समद खान, राजेश परिहार, अशोक सोनकिया, कदीर खान, गगन विश्वकर्मा, मुमताज खान, रज्जन खान, प्रमोद रैकवार, नईम खान, रमजान खान, शौकत खान, फईम खान, नीलू खान, सुनील अनुरागी, राहुल रजक, मुमताज मामू, मतेत विश्वकर्मा, राजेश सिंह, अल्ताफ खान, पंचम रैकवार, चंद्रभान पटेल, आरिफ खान, गंगादीन, राजू कोरी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के साथी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने झाड़ियों से बरामद की अवैध शराब, एक गिरफ्तार



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए झाड़ियों में छिपाई गई सात पेटी अवैध शराब बरामद की और एक आरोपी को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई स्थानीय स्तर पर अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना पुलिस ने महर्षि स्कूल के गेट नंबर दो के सामने झाड़ियों में छिपाई गई सात पेटी देशी प्लेन मदिरा जब्त की। इस कार्रवाई में बीड़ी कॉलोनी, देरी रोड, छतरपुर निवासी विमल खटीक (37), पिता बाबूलाल खटीक, को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे के नेतृत्व में हुई इस त्वरित कार्रवाई ने अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्कूल के पास झाड़ियों में शराब की बड़ी खेप छिपाई गई है, जिसके आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है, और आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई स्थानीय समुदाय में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पर्यूषण पर्व के छठवें दिन आज मनेगा उत्तम संयम धर्म

### बिना संयम के जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी जैसा



**छतरपुर।** आत्म आराधना के पावन पर्यूषण पर्व के छठवें दिन आज 2 सितंबर को उत्तम संयम धर्म गरिमपूर्वक एवं धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया जाएगा।दस दिवसीय पर्वराज पर्यूषण नगर के सभी जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उल्लासपूर्वक मनाया जारहा है।नगर के जैन मंदिर में पूज्य आर्यिका संघ द्वारा एवं अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी जैन मंदिर में श्री उमेश जैन शास्त्री,सांगानेर द्वारा दश धर्मों पर मंगल प्रवचन दिए जा रहे हैं। डा. सुमति प्रकाश जैन के अनुसार पर्यूषण पर्व पर धर्म के दस लक्षणों में से छठवाँ धर्म उत्तम संयम धर्म पूरे नियम - संयम के पालन के साथ मनाया जाएगा। संयम को जीवन का श्रृंगार माना गया है। विद्वानों के अनुसार जिसके जीवन में संयम नहीं, उसका जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी जैसा है।
उत्तम संयम धर्म जैन धर्म के दशधर्म में प्रमुख स्थान रखता है। इसका अर्थ है इन्द्रियों और मन को वश में रखकर आत्मा को विषय-भोगों से मुक्त करना। बाह्य संयम आचरण व इन्द्रियों पर नियंत्रण है, जबकि आन्तरिक संयम मन व भावनाओं पर नियंत्रण है। इसका उद्देश्य आत्मशुद्धि व मोक्ष की प्राप्ति है। व्रतों का पालन, आहार-विहार में मर्यादा, ध्यान-समाधि और क्रोध, लोभ, मान, माया का त्याग इसका व्यवहारिक रूप है। इससे शांति, अनुशासन और आत्मबल बढ़ता हैं तथा जीव मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है।
प्रो. जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान नगर में अल सुबह प्रभात फेरी निकाली जाती है, जिसमें समाज के नर नारी, युवाजन और बच्चे उल्लासपूर्वक सम्मिलित होते हैं।इसके बाद सुबह से ही सभी जैन मंदिरों में श्री जी का अभिषेक पूजन आदि धार्मिक क्रियाएं पूरे मनोयोग से प्रारंभ हो जाती हैं।व्रतों में जैन समाज के स्त्री ,पुरुष, युवा एवं कई बच्चे पूरे दिन में केवल एक बार शुद्ध - सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं,जिसे एकासन कहते हैं। कई श्रावक तो पूरे दिन बिना कुछ आहार लिए उपवास करते हैं। सायंकाल मंदिरों में श्री जी की आरती और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताएं होती हैं,जिनमें सभीजन बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं।

## ज्योत्सना महिला समिति ने बच्चों के लिए आयोजित किया डेंटल चेकअप कैंप एवं स्टोरी टेलिंग कॉम्पिटिशन



**सिंगरौली** एनसीएल मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ज्योत्सना महिला समिति स्थानीय बच्चों के लिए लगातार सांस्कृतिक गतिविधियों व स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।इसी कड़ी में गत रविवार को सीईटीआई में समिति के समन्वय से 60 बच्चों का डेंटल चेकअप डॉ. मंतशा द्वारा किया गया। डेंटल चेकअप में बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने और दाँतों की सही देखभाल के बारे में उपयोगी सुझाव भी दिए गए।इसी क्रम में एक स्टोरी टेलिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें 23 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों तक सभी ने अपनी-अपनी कहानियाँ सुनाकर सीख दी और सबका मन मोह लिया।कार्यक्रम का आयोजन समिति की अध्यक्षा बी. के. दुर्गा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह एवं समिति की अन्य सदस्याएँ भी मौजूद रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे और ज्योत्सना महिला समिति की इस पहल की सराहना की।ज्योत्सना महिला समिति द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों की श्रृंखला से स्थानीय बच्चों में रचनात्मक अभिव्यक्ति बढ़ रही है तथा नन्ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नया मंच मिल रहा है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का हुआ भव्य समापन

### राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्य अतिथि में हुआ समारोह





**सिंगरौली** 1 सितम्बर 2025/ हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। वही सिंगरौली जिले में भी राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन तीन दिवस तक आयोजित हुआ। जिसका समापन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री राम निवास शाह, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, मेयर इंन काउसिल की सदस्य श्यामला बर्मा, पार्षद सीमा जयसवाल, आषीश बैस, वरिष्ट समाजसेवी राजेन्द्र परमार, वशिष्ट पाण्डेय, पुनीत शुक्ला, के गरिमामय उपस्थिति मे तीन दिवसीय खेल समारोह का समापन किया गया। विदित हो कि तीन दिवसीय खेल समारोह खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहभागिता से आयोजित किया गया। जिसमें फुटबाल, क्रिकेट, अर्चरी, कबड्डी एवं एथेलिटिक्स सहित अनेक खेल विधाओ की प्रतियोगिताए सम्पन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सहित अतिथियो के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओ के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। अर्चरी प्रतियोगिता में अंडर 13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अर्थव सिंह एवं द्वितीय आयान सिंह तथा तृतीय स्थान पर और्व दुबे ने प्राप्त किया। अर्चरी बालिका वर्ग अंडर 13 में पहला स्थान भाव्या सिंह द्वितीय स्थान भार्गवी तथा तृतीय स्थान त्योत्सना ने प्राप्त किया। तथा अंडर 15 बालक वर्ग में प्रथम स्थान आयुष प्रताप सिंह, द्वितीय स्थान आदित्य सिंह तथा तृतीय स्थान सूर्यबली ने प्राप्त किया गया। वही बालिक वर्ग अंडर 15 में प्रथम एंजेल विनीष, द्वितीय स्थान राजिविका सिंह तथा तृतीय स्थान अन्या दुबे ने प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्रस्तिवा साकेत ने प्राप्त किया अर्चरी प्रतियोगिता के रिकंर्व राउंड परिणाम में जहा अंडर 13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अभय वैश्य, अंडर 15 बालक वर्ग में आयुष वैश्य, अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम आदित्य राज सिंह, अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रथम भव्या जयसवाल ने प्राप्त किया। अर्चरी प्रतियोगिता के दौरान अतिथियो सहित आम लोगो ने भी इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हुयें प्रतियोगिता की सराहना की। वही कबड्डी प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष वर्ग की चार टीमो ने भाग लिया जिसमें प्रथम मैच महिला वर्ग डिग्री कालेज ए वनाम डिग्री कालेज बी का सम्पन्न हुआ जिसमें विजेता डिग्री कालेज ए रही। तथा महिला वर्ग का द्वितीय मैच चाचर वनाम कन्या महाविद्यालय बैढ़न के बीच हुआ जिसमें चाचर की टीम ने 24 अंक अर्जित कर विजेता रही। फायनल मैच डिग्री कालेज एवं चाचर टीम के बीच हुआ जिसमें डिग्री कालेज ए की टीम विजेता बनी। वही पुरूष वर्ग की चार टीमो ने भाग लिया जिसमें फायनल की विजेता सिंगरौली कार्पोरेशन की टीम रही। वही फुटबाल टीम में प्रथम विजेता एमएसएसी बर्सिलोना बैढ़न रही। तथा क्रिकेट में विजेता के रूप में सिंगरौली क्रिकेट एकाडमी रही। खेल में भाग लेने वाले विजेता टीमो के खिलाड़ियो को अतिथियो के द्वारा ट्राफी, मेडल एवं किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्य नगर, ब्लाक समन्वयक राकेश मिश्रा, फुटबाल कोच अजहर अली, लवकुश तिवारी, कबड्डी कोच सुखचैन शुक्ला, पंकज सिंह, दिलीप कुशवाहा, श्याम लाल कुशवाहा, राम सजीवन शाह, कृतिदेव बैस, इन्द्रकुमार सिंह सहित अन्य खेल अधिकारियो एवं सहयोगियो का योगदान रहा।

## हिंदू उत्सव समिति ने गरबा प्रशिक्षण किया शुरू, पंजीयन जारी



**छतरपुर।** पिछले 17 वर्षों से चले आ रहे हिंदू उत्सव समिति गरबा महोत्सव की तैयारी का शुभारंभ बीती शाम प्रताप सागर चौपाटी पर कर दिया गया। माता की आरती के बाद सभी देवी तुल्य बालिकाओं को तिलक करके, प्रसाद देकर गरबा नृत्य की बारीकियां सिखाई गईं। शारदीय नवरात्र में पूरे देश दुनिया में गरबे की धूम रहती है और बड़े शहरों की तर्ज पर छतरपुर शहर में भी गरबे की शुरुआत हिंदू उत्सव समिति द्वारा 18 साल पहले की गई थी। समिति के द्वारा लगातार यह कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर समिति के द्वारा विशेष प्रशिक्षकों के माध्यम से शहर की बालिकाओं को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम की संयोजक बरखा मिश्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए पिछले एक हफ्ते से रजिस्ट्रेशन जारी है। बीती शाम प्रताप सागर चौपाटी स्थित समिति के कार्यालय में गरबा का प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया। यह प्रशिक्षण 20 दिवसीय होगा जो भी महिलाएं और बच्चियों इसमें भाग लेना चाहती हैं वे समिति कार्यालय में संपर्क करके अपना पंजीयन करवा सकती हैं। समिति ने साल भर के सबसे बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन के लिए बृहद बैठक बुलाकर विचार विमर्श कर बिन्दुसार जिम्मेदारियां तय की है। नवरात्र को मात्र 20 दिन शेष है जिसको देखते हुए तैयारियां तेज कर दी गईं है।

## सनातन रावत बनाए गए अटल फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष

**नौगांव।**

नगर के जाने माने समाजसेवी, पर्यावरणविद् और उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग में पदस्थ सनातन रावत को अटल फाउंडेशन हिंदी का महोबा जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ज्ञात हो कि यह संगठन विकलांगों के लिए एवं उनके हितों के लिए कार्य करता है एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित करता है। इस फाउंडेशन में सनातन रावत के जुड़ने से निश्चित रूप से उनके द्वारा जिले भर में पूरे साल काम किया जाएगा एवं दिव्यांग जनों के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। सनातन रावत के जुड़ने से निश्चय ही संगठन दिन रात चौगुनी तरक्की करेगा ऐसा श्री रावत के मित्रगणों का कहना है। इस अवसर पर उनके इष्ट मित्रों नगरपालिका उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, महेश साहू, अरविंद रावत, आशीष गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, पुनीत साहू, विशाल विश्वकर्मा, प्रशांत नामदेव, धर्मेंद्र, बृजगोपाल राजपूत, अजय रैकवार आदि गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

## ऑटो सवार महिला का बाइक सवार बदमाशों ने छीना पर्स, बिछिया थाना क्षेत्र में हुई वारदात



**रीवा।** बाइकर्स गैंग के पांच बदमाशों को पकड़कर पुलिस चैन की सांस भी नहीं ले पाई थी कि एक नई गैंग ने शहर में दस्तक दे दी है। शहर में अपराध पर काबू पाने की कोशिशों के बीच शनिवार शाम एक नई आपराधिक वारदात ने पुलिस की नींद उड़ा दी। गोविंदगढ़ क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बदमाशों ने चलती ऑटो से महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। इस वारदात के बाद एक बार फिर शहर में बाइकर्स अपराधियों की नई गैंग के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। घटना शनिवार शाम लगभग 5 से 6 बजे की है। गहिरा निवासी शांति साकेत ऑटो में सवार होकर किसी निजी कार्य से शहर की ओर आ रही थीं। जैसे ही ऑटो बिछिया थाना क्षेत्र के गंगापुर मोड़ के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन युवकों ने ऑटो को ओवरटेक किया। इनमें से एक ने चलती गाड़ी से किनारे बैठी महिला का पर्स झपट लिया और बाइक सवार गोविंदगढ़ की ओर फरार हो गए। महिला के मुताबिक, पर्स में सोने-चांदी के जेवर, नकद राशि और मोबाइल फोन रखा था। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल गोविंदगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कराई गई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका।बॉक्स दो दिन पहले पकड़ी गई गैंग के बाद अब नई चुनौतीगौरतलब है कि महज दो दिन पहले ही पुलिस ने बाइकर्स गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर 26 से अधिक वारदातों का पर्दाफाश किया था। इससे शहरवासियों को कुछ राहत की उम्मीद जगी थी। लेकिन शनिवार को हुई लूट की ताजा घटना ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह नई गैंग हो सकती है, जो संगठित तरीके से घटनाओं को अंजाम दे रही है।

**सीसीटीवी फुटेज से जांच को मिला सुराग:**

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। कुछ कैमरों में बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक दिखे हैं, लेकिन दूरी अधिक होने के कारण चेहरे स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। साइबर सेल को भी अलर्ट कर दिया गया है और अन्य स्थानों के कैमरों से भी फुटेज मंगाई जा रही है।

## बिना परमिट के गुड़ परिवहन पर 13 हजार का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये निर्देशों का पालन करते हुये रविवार को 45 क्विंटल गुड़ परमिट के बिना परिवहन करते पाये जाने पर व्यापारी के विरूद्ध मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत 13 हजार 350 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। एसडीएम कटनी एवं भारसाधक अधिकारी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर यादव के निर्देश पर गठित निरीक्षण दल ने कृषि मंडी क्षेत्र से गुजर रहे वाहन क्रमांक एमपी 20जीए4952 को रोका और उसकी जांच करने पर पाया कि इसमें 45 क्विंटल गुड़ था, जिसे बिना किसी वैध परमिट के ले जाया जा रहा था। इसके बाद मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, पर कार्रवाई करते हुये कुल 13 हजार 350 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिसमें पांच गुना मंडी शुल्क 10 हजार 350 रुपये एवं समझौता शुल्क 3 हजार रुपये शामिल है।

## तीर्थदर्शन योजना: 23 तक भरे जाएंगे फार्म

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# सतना के युवक ने डिप्टी सीएम बनकर सूरत आरपीएफ को धमकाया

## बिना टिकट के खुद ही पकड़ा गया था युवक, गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन की घटना

रीवा।

राजनीतिक रसूख का झूठा नाटक रचकर रेलवे अफसरों पर दबाव बनाना एक युवक को भारी पड़ गया। मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के नाम पर सूरत रेलवे स्टेशन पर फोन कर आरपीएफ अधिकारी को धमकाने वाला युवक असल में खुद ही आरोपी निकला। बता दे आरपीएफ ने जब जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला। गिरफ्तार युवक खुद को डिप्टी सीएम का करीबी बताकर न सिर्फ आरपीएफ पर दबाव बना रहा था, बल्कि खुद ही दूसरे नंबर से अधिकारी बनकर फोन करता था।



घटना 29 अगस्त की है। मुंबई डीओसीएसएनएल कंट्रोल रूम को एक युवक ने कॉल कर खुद को मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का परिचित बताया और सूरत रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अधिकारी का मोबाइल नंबर मांगा। कंट्रोल रूम से उप निरीक्षक कुलदीप सिंह का नंबर शेयर कर दिया गया। इसके बाद उसी युवक ने कुलदीप सिंह को फोन कर दबाव बनाया कि सूरत स्टेशन पर बिना टिकट पकड़े गए एक व्यक्ति को तत्काल छोड़ दिया जाए। फोन करने वाला खुद को डिप्टी सीएम का खास आदमी बताकर आरपीएफ पर रौब जमाने की कोशिश कर रहा था। आरपीएफ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने जब जांच की तो पता चला कि जिस युवक रणजीत यादव को छोड़ने की मांग की जा रही है, उसकी बिना टिकट यात्रा पर बाकायदा जुर्माने की रसीद काटी गई है। इसके बाद कॉल करने वाले ने एक बार फिर धमकाने के लहजे में कहा डिप्टी सीएम के परिचित की रसीद कैसे काट दी? क्या आप एक आदमी को भी संभाल नहीं सकते, शंका होने पर आरपीएफ ने उस युवक से बात की, जो टिकट न होने के कारण पकड़ा गया था। उसने भी खुद को डिप्टी सीएम का जानकार बताया और रेलवे द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाने लगा।

**पूछताछ में कबूल किया फर्जीवाड़ा**

आरपीएफ ने युवक को थाने बुलाकर जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि वह कोई राजनीतिक रसूख वाला नहीं है, बल्कि उसका नाम रणजीत मिदुलाल यादव (21 वर्ष) है और वह रघुराजनगर, जिला सतना (मध्यप्रदेश) का निवासी है। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि रणजीत ने खुद ही एक अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर खुद को डिप्टी सीएम का करीबी बताकर अफसरों को गुमराह किया। यानी आरोपी खुद ही फोन कर रहा था और खुद को छुड़ाने के लिए राजनीतिक दबाव का झूठा नाटक रच रहा था।

**आरपीएफ ने दर्ज किया मामला**

सूरत आरपीएफ ने आरोपी रणजीत यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसे आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। अधिकारी अब इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि कहीं युवक किसी संगठित गिरोह से तो नहीं जुड़ा है, जो राजनीतिक रसूख का झूठा दावा कर सिस्टम को गुमराह करता हो।

## खाद नहीं ये तो अमृत है, 18 घंटे पहले खाद की आस में लगी महिला पुरुष किसानों की कतार, भूखे-प्यासे किसान खाद के लिए लाइन में जमीन में लेटकर गुजारी रात, शासन और प्रशासन के दावों की खुली पोल





रीवा।

खाद के संकट की वही पुरानी कहानी इस साल भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। रीवा और मऊगंज जिलों में यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसान बेहाल हैं। खेतों में फसल को खाद की जरूरत है, इसके लिए रात्रि से ही वितरण केन्द्रों में लंबी कतार लग रही है। खाद के लिए किसान भूख-प्यास भी लगे है इसके बावजूद पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। करहिया मंडी सहित विभिन्न डबल लॉक सेंटर्स और सेवा सहकारी समितियों के बाहर सैकड़ों किसान दो-दो दिन से डटे हुए हैं। करहिया मंडी में आए किसान भारतेंद्र तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, प्रतीक शुक्ला, विजय तिवारी, राजा सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वे कई दिनों से आ रहे है और खाली हाथ लौट रहे है,चार बजे से लाइन में है. कुछ तो कल रात से ही बैठे हैं, लेकिन खाद अब तक नहीं मिली। मोहन तिवारी ने बताया कि वह लंबी कतार में लगे थे, जब बारी आई तो खाद खत्म हो गई। इसके बाद दूसरे दिन भी यही हाल है। वितरण केन्द्र में न पानी है, न छाया, यहां के अधिकारी कुछ बताते भी नहीं। लाइन में लगे किसानों का कहना है कि प्रशासन दावा कर रहा है कि रात यूरिया आई थी लेकिन यह गायब हो गई और किसी को पता भी नहीं चला किसे मिली। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि यह खाद प्राइवेट दुकानों में भेज दी गई है, जबकि गोदामों पर आए पंजीकृत किसान अब भी खाली हाथ लौट रहे हैं। महिलाएं और बच्चे भी खाद की लाइन में लगे है, सैकड़ों की संख्या में लाइन में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग खड़े दिखाई दिए। किसानों ने बताया कि लाइन में लगे लगे हालत खराब है पर्स चोरी एवं लोगों की जेब भी कट रही है। खाद के लिए किसान पैसा लेकर आते हैं और यहां चोर हाथ साफ कर देते हैं। बता दे अभी जिले के 70 प्रतिशत किसानों को खाद नहीं मिली है, नतीजतन जब करहिया स्थित कृषि मंडी के गोदाम मे खाद का स्टॉक आता है तो खाद लेने के लिए किसानों की लाइन लग जाती है. दो-दो दिन तक किसान अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं और रात भी यहीं गुजारते हैं, कुछ लोगों को खाद मिल जाता है बाकी को फिर दूसरी रेक (स्टॉक) के लिए इंतजार करना पड़ता है फिर किसान एक दिन पहले ही लाइन में खड़े हो जाते हैं। बॉक्स वितरण केंद्रों में किसानों की कट रही जेब देर रात कतार में लगे किसान भारतेंद्र तिवारी ने बताया कि वह पिछले दो दिन से करहिया वितरण केंद्र में लाइन में लगे हैं पहले वह डीएपी खाद के लिए लाइन में लगे थे, रविवार देर रात वह यूरिया के लिए लाइन में लगे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों मे कई किसानों के जेब काटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। विकास दिवस एक किसान के 30 हजार रुपए वही एक किसान 1800 व एक का 700 रुपए चोरी हो गए, लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है वही वितरण केंद्र में लगी पुलिसकर्मियों से जब इस बात की शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि यहां हर किसान के जेब में 40 से 50 हजार रुपए है किसकी किसकी जेब चेक करें। वितरण केंद्र पूर्ण रूप से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असुरक्षित है। बॉक्स खाद की किल्लत से आजीविका पर संकटकिसानों का कहना है कि अगर समय पर खाद नहीं मिली, तो ना सिर्फ उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी। बल्कि उनके परिवार की आजीविका पर भी बड़ा संकट आ जाएगा, सरकार और प्रशासन से किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए ताकि हर किसान को उसका हक मिल सके। बॉक्स अमृत बनी खाद, रात भर करना पड़ता है इंतजाररीवा जिले सहित मऊगंज में किसानों के लिए खाद अब अमृत के समान हो गई है। सुबह से लेकर देर शाम तक इंतजार के बाद भी कई किसानों को खाद नसीब नहीं हो रही है, हालत यह है कि कई जगहों पर किसान अपनी बारी लगाने के लिए रात में ही अपनी बारी का टोकन या थैला रख देते हैं और वहीं सो जाते हैं. तड़के से ही किसानों की लंबी लाइनें लग जाती हैं, जो दिन भर बढ़ती रहती हैं. यह दृश्य किसानों की बेबसी और सरकारी व्यवस्था की खामियों को दर्शाता है। किसानों का कहना है कि प्रशासन के दावों के विपरीत, उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है।भले ही अधिकारी यह आश्वासन दे रहे हों कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और दो दिन के अवकाश के बाद वितरण शुरू होने से भीड़ बढ़ गई है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयाँ करती है. किसानों को लगता है कि उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और खाद वितरण की व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव है।

## ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष अभियान 5 सितम्बर तक चलेगा

रीवा ।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय संगठित व असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। शासन द्वारा गिग/प्लेटफार्म वर्कस जैसे जोमेटो, स्विगी, ईंट श्योर, फूड पांडा, अमेजोन, फ्लिपकार्ट, बिग बॉस्केट, ग्रोफर, जेप्टों, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राइस, मेट्रो, डी-मार्ट, ओला, उबर, जुगनू, रेपिडो आदि में कार्य करने वाले ऐसे कर्मचारियों को इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा गया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग/प्लेटफार्म वर्कस को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गई है। इसके अलावा उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि गिग / प्लेटफार्म वर्कस के ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर पंजीयन के लिए 5 सितम्बर तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। पंजीयन ऑनलाइन लिंक https://register-eshram-gov-in/#/user/self के माध्यम से स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

## जिले में अब तक 735.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

रीवा ।

जिले में एक जून से अब तक 735.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में एक सितम्बर को 8.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 21 मिलीमीटर वर्षा रायपुर कर्चुलियान तहसील में दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 1013.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 747.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 1120 मिलीमीटर, सिरमौर में 670.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 572 मिलीमीटर, सेमरिया में 639 मिलीमीटर, मनगवां में 691 मिलीमीटर तथा जवा में 485 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गतवर्ष इसी अवधि में 468 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## मॉल में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक, सीसीटीवी से खुली करतूत, आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

रीवा।



शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम चौराहा के समीप स्थित एक किराना दुकान में चोरी करते हुए एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा गया। ग्राहक बनकर दुकान में घुसा युवक जब महंगे सामान को जेब और शर्ट में छिपाने लगा, तो दुकान संचालक की नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ गई। संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की गई, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा निवासी राजा अग्निहोत्री के रूप में हुई है। पूछताछ में युवक ने न सिर्फ इस दुकान में, बल्कि आसपास की अन्य दुकानों से भी चोरी करने की बात कबूली है। आरोपी ने बताया कि वह पहले भी इसी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। दुकान संचालक राकेश कुमार गुप्ता के अनुसार, आरोपी ने एक ही दिन में दो बार दुकान में प्रवेश किया और महंगे आइटम जैसे छोटी इलायची व फेस वाश को जेब और शर्ट में छिपा लिया। जब उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ, तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें उसकी करतूत साफ तौर पर नजर आई। दुकान संचालक द्वारा विश्वविद्यालय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी अन्य किन-किन दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।बॉक्सडिग्गी से मिला चोरी का मालपुलिस द्वारा जब आरोपी की बाइक की जांच की गई, तो उसकी डिग्गी से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। इसमें एक-एक किलो वजन के घी के दो पैकेट, 100-100 ग्राम की छोटी इलायची के चार पैकेट और फेस वाश के तीन बड़े डिब्बे शामिल हैं। सभी सामान दुकान संचालक की ही दुकान से चोरी किया गया था।

## कलेक्ट्रेट में हुआ वंदेमातरम का आयोजन



**रीवा।** माह के प्रथम कार्य दिवस एक सितंबर को कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम का सामूहिक रूप से गायन किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसमें शामिल रहे।

## सीएम हेल्पलाइन में अधिकारी विभाग की ग्रेडिंग सुधारें - डॉ सोनवड़े एसडीएम अपने अनुभाग में सभी विभागों के कार्यों की मानीटरिंग करें

रीवा।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। डॉ सोनवड़े ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करके संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। अभी से लगातार प्रयास करेंगे तभी स्थिति में सुधार होगा। अगस्त माह की शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें। विभाग के ग्रेडिंग में सी और डी ग्रेड में रहने पर कार्यवाही की जाएगी। कोई भी प्रकरण लेवल-1 से बिना किसी कार्यवाही के यदि लेवल-2 पर गया तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ट्राईबल विभाग लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। प्रत्येक गुरूवार को शिविर लगाकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण कराएं।बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में सप्ताह में दो दिन भ्रमण करके आंगनवाड़ी केन्द्र, उचित मूल्य दुकान, स्कूल तथा अस्पतालों का निरीक्षण करें। विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत मानीटरिंग करें। अन्य अधिकारी भी क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करके योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। जिला श्रम पदाधिकारी श्रम कल्याण केन्द्र तथा मॉडल रैन बसेरा निर्माण के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर दीवाली तक मिठाई, खोवा सहित सभी खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित कराएं। नमूने अमानक पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन हर सप्ताह प्रस्तुत करें।



बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि शहर के सभी फ्लाई ओवर में सड़कों के सुधार तथा रात में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग चोरहटा से रतहरा माडल रोड में यातायात को सुगम बनाने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य कराएं। समग्र पोर्टल में हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य तेजी से पूरा कराएं। इसमें केवल डुप्लीकेट और मृत हितग्राहियों के नाम ही पृथक करें। मुख्यमंत्री जी के कार्यालय तथा मुख्य सचिव जी की मानीटरिंग के आवेदनों का दो दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी विभागीय समन्वय के मुद्दे टीएल बैठक में प्रस्तुत करें, जिससे इनका निराकरण किया जा सके। सभी एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारी खाद के वितरण की सतत निगरानी करें। खाद वितरण केन्द्रों में छाया-पानी की सुविधा सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता और शासन के बीच सेतु बने नोटरी  नोटरी महासंघ की बैठक संपन्न, फीस बढ़ोतरी की मांग



**रीवा।** रीवा नोटरी महासंघ की आवश्यक बैठक न्यायालय परिसर रीवा में संपन्न हुई। जिसमें राज्य सरकार द्वारा बढ़ाए गए स्टैंप ड्यूटी पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि सरकार के आदेश का अक्षर से पालन करते हुए 50 के स्थान पर 200 के स्टांप शुल्क पर शपथ पत्र संपादित किए जाएंगे वही लंबे समय से नोटरी फीस वृद्धि नहीं किए जाने पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार को आयुक्त रीवा संभाग के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर वृद्धि की माग की जाएगी। सीधी और सिंगरौली के नोटरी पर की गई कार्यवाही पर रोष व्यक्त किया गया और निर्णय लिया गया कि नोटरी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलकर नोटोरियों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में चर्चा करेगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और निर्णय लिए गए बैठक की अध्यक्षता कर रहे नोटरी महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि सभी नोटरी गण राज्यसरकार के द्वारा बढ़ाई गई स्टांप ड्यूटी का कड़ाई से पालन करें जिसमें स्टैंप ड्यूटी काम लगी हो उस दस्तावेज को सत्यापित ना करें नोटरी जनता और शासन के बीच सेतु बनकर काम करें सरकार के आर्थिक हित को ध्यान में रखें वहीं जनता को नियमों के पालन हेतु सजग करते हुए कानून के अनुरूप दस्तावेजों को सत्यापित करें नोटरी फिश वृद्धि के लिए नोटरी महासंघ केंद्र सरकार और राज्य सरकार से पत्राचार करेगा और समय अनुकूल नोटरी फीस में वृद्धि करने के लिए संघर्ष करेगा बैठक में उपस्थित सभी नोटरियों ने एक राय होकर राज्य सरकार के फैसले का पालन करने का निर्णय लिया बैठक में संयोजक योगेंद्र शुक्ला महामंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव अशोक मिश्रा सुधाकर साहू मनोज सिंह डॉमुकेश मिश्रा प्रदीप सिंह परिहार वीरेंद्र कुमार पांडे शिवनारायण मिश्रा भागवत प्रसाद द्विवेदी विष्णुकांत शुक्ला विनोद चतुर्वेदी श्रीमती अंबिका गुप्ता इंद्रेश चतुर्वेदी श्रीकांत मिश्रा सहित नोटरी उपस्थित रहे।